(d) whether Govremnent of France was contacted keeping in view the interest of India in this matter; and

(e) if so, the reaction of French Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE' MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH); (a), to (c) Government have seen reports suggesting ongoing discussions between Pakistan and France on nuclear co-operation.

(d) and (e) Government's concerns regarding the weapons orientation of Pakistan's nuclear programme have been conveyed to all concerned. Many other countries share this concern.

दिल्ली परिवहन निगम के बस स्टापों पर शेड्स

2819. **श्री अरुण प्रकाश गौतम** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम के अन्तर्गत केन्द्रीय टर्मिनल से चलने वाले बस रूट नं० 110, 185, 220, 481, 526, 581, 930, 960 आदि रूटों के बस स्टापों पर कोई शेडस नहीं हैं यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) उपयुक्त बस स्टापों पर शैड कब तक बना दिये जाने की संभावना है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वसन्त विहार टर्मिनल तथा सी०पी० डब्ल्यू०डी० कालोनी, वसन्त विहार के बस स्टाप पर भी कोई शेड नहीं है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी हां, रूट सं० 481 के बस स्टाप को छोड़कर किसी पर भी नहीं ।

(ख) नई दिल्ली नगर पालिका अपने क्षेत्र में स्थित बस-स्टापों पर शेडों का स्वयं निर्माण कराती है । केन्द्रीय टर्मिनल पर प्राथमिकता के आधार पर शेड निर्मित कराने के लिए दिल्ली परिवहन निगम को उनसे बातचीत करने के लिए कहा गया है ।

(ग) और (घ) स्थान के अभाव के कारण दिल्ली परिवहन निगम के पास वसंत विहार में सड़क से हटकर पार्किंग टर्मिनल नहीं है, और इसलिए शेड निर्माण नहीं किया गया है । वसंत विहार स्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग कालोनी के स्थान को शेल्टर निर्मित करने वाली सूची में शामिल कर लिया गया है ।

निखिल बंगा नागरिक संघ द्वारा बंगलादेश में एक अलग राज्य बनाये जाने की मांग

2820. **श्री राम जेठमलानी** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान अल्प संख्यकों को उत्पीड़ित करके बंगलादेश से भगाये जाने के कारण हाल ही में बंगलादेश में निखिल बंगा नागरिक संघ द्वारा वहां एक अलग राज्य का निर्माण किए जाने की मांग की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) सरकार ने इस आशय की खबरें देखी है ।

(ख) सरकार इस बात के सख्त खिलाफ है कि भारतीय भूमि से इस तरह कार्रवाईयां की जाएं ।

Harassment caused to selected candidates by Air India

2821. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK; Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state;

(a) whether it is a fact that a panel for the posts of Hindi/Engli6h typista